केन्द्रीय सूचना आयोग
बाबा गंगनाथ मार्ग
मुनिरका, नई दिल्ली - 110067.

संचिका सं. **CICOM/R/P/21/00383** दिनांक. 06.09.2021

सेवा में,

श्री मुन्ना खरवार

विषय:- सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत सूचना।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपका दिनांक 31.07.2021 का आर.टी.आई. आवेदन जो कि दिनांक 09.08.2021 को केन्द्रीय सूचना आयोग के आर.टी.आई. प्रकोष्ठ में प्राप्त हुआ से संबंधित सूचना निम्नानुसार है :-

आपके आर.टी.आई. आवेदन के साथ केवल केन्द्रीय सूचना आयोग के प्रथम अपीलीय अधिकारी द्वारा जारी आदेश सं. **CICOM/A/P/20/00047** की प्रति संलग्न है जिसके अपीलकर्ता श्री गोरखनंदन विश्वकर्मा हैं। केन्द्रीय सूचना आयोग में द्वितीय अपील दाखिल करने की कोई तिथि या द्वितीय अपील संख्या का आपने कोई उल्लेख नहीं किया है। प्रसंगवश यह उल्लेख किया जाता है कि श्री गोरखनन्दन विश्वकर्मा द्वारा जारी एक द्वितीय अपील सं. **CIC/POSTS/A/2019/157407** पर दिनांक 11.08.2021 को आयोग द्वारा सुनवाई की गई थी एवं दिनांक 13.08.2021 को आदेश जारी किया जा चुका है।

यदि आप उपरोक्त सूचना से संतुष्ट नहीं है तो इस सूचना की प्राप्ति के 30 दिनों के अंदर प्रथम अपील श्री अजितकुमार बसंतराव सोनटक्के, प्रथम अपीलीय अधिकारी, केन्द्रीय सूचना आयोग, बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली - 110067 को की जा सकती है।

सुबोध
6/9/21

(सुबोध कुमार)
केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी,
आर.टी.आई.सेल
दूरभाष - 011-26172690